(राजस्थान–सरकार)

न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, बारॉ (राज.)

पीठासीन अधिकारी सत्यनारायण आमेटा (आर.ए.एस.)

प्रकरण संख्या :– 186 / 2022

रजिस्ट्रेशन सं0 :– 2022 / 149

बउनवान

1. कान्तिबाई पुत्री चतरू मीणा निवासी खेडली नाहरिया तहसील अटरू जिला बारॉ
2. दांखाबाई पुत्री चतरू मीणा निवासी कूण्डी सकरावदा तहसील किशनगंज जिला बारॉ
3. शान्तिलाल पुत्र चतरू मीणा निवासी मेरमाचाह तहसील अटरू जिला बारॉ
4. शोभाराम पुत्र चतरू मीणा निवासी मेरमाचाह तहसील अटरू जिला बारॉ
5. सुन्दरबाई पुत्री चतरू मीणा निवासी मोतीपुरा तहसील अटरू जिला बारॉ
6. सुसरबाई पुत्री चतरू मीणा निवासी डडवाडा तहसील अटरू जिला बारॉ
7. श्रीकिशन पुत्र बद्रीलाल मीणा निवासी मेरमाचाह तहसील अटरू जिला बारॉ
8. रामप्रसाद पुत्र बद्रीलाल मीणा निवासी मेरमाचाह तहसील अटरू जिला बारॉ
9. रामदयाल पुत्र प्रभूलाल मीणा निवासी मेरमाचाह तहसील अटरू जिला बारॉ
10. रामराज पुत्र बिरधीलाल मीणा निवासी हरनावदा तहसील अटरू जिला बारॉ
11. भरत पुत्र बिरधीलाल मीणा निवासी हरनावदा तहसील अटरू जिला बारॉ
12. लखन पुत्र बिरधीलाल मीणा निवासी हरनावदा तहसील अटरू जिला बारॉ
13. बनवारीलाल पुत्र कन्हैयालाल उर्फ कान्हा मीणा निवासी हरनावदा तहसील अटरू जिला बारॉ

(अपीलांटगण)

बनाम

1. किशनचन्द पुत्र मोतीलाल जाति मीणा निवासी मेरमाचाह तहसील अटरू जिला बारॉ
2. हंसराज पुत्र मोतीलाल जाति मीणा निवासी मेरमाचाह तहसील अटरू जिला बारॉ
3. प्रभूलाल पुत्र कान्हा जाति मीणा निवासी मेरमाचाह तहसील अटरू जिला बारॉ
4. बद्रीबाई पुत्री कान्हा जाति मीणा निवासी मूसेन माता तहसील अटरू जिला बारॉ
5. लोकेश पुत्र राजाराम जाति मीणा निवासी भौंरा तहसील अटरू जिला बारॉ
6. महावीर पुत्र राजाराम जाति मीणा निवासी भौंरा तहसील अटरू जिला बारॉ
7. मनीषा पुत्री राजाराम जाति मीणा निवासी भौंरा तहसील अटरू जिला बारॉ
8. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार अटरू जिला बारॉ

(रेस्पोडेन्टगण)

अपील विरूद्व तहसीलदार अटरू के तस्दीकी नामान्तरकरण संख्या 965 दिनांक 07.03.2022 वाके ग्राम मेरमाचाह तहसील अटरू अन्तर्गत धारा 75 भू–राजस्व अधिनियम, 1956

उपस्थित :– 1– श्री हरिओम चतुर्वेदी अभिभाषक (अपीलांटगण)
2– श्री बृजराज सिंह चौहान अभिभाषक (रेस्पोडेन्टगण)
3– पेरोकार सरकार (रेस्पो0 क्रम 8)

निर्णय दिनांक 10.08.2022

Signature Not Verified
Digitally signed by Satya Narayan Ameta
Date: 2023.01.17 11:41:32 IST
Reason: SelfAttested

अपीलांट द्वारा जरिये विद्वान अभिभाषक के अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार, अटरू के तस्दीकी नामान्तरकरण संख्या 965 दिनांक 07.03.2022 ग्राम मेरमाचाह तहसील अटरू से अप्रसन्न होकर अपील अन्तर्गत धारा 75 भू–राजस्व अधिनियम, 1956 के तहत विरूद्व रेस्पोडेन्टगण के इस न्यायालय मे प्रस्तुत की गई है।

अपीलांट द्वारा प्रस्तुत अपील दिनांक 30.05.2022 को दर्ज रजिस्टर की जाकर रेस्पोडेन्टगण को जरिये सम्मन तलब किया गया। प्रकरण मे रेस्पो. क्रम 1 ता 7 द्वारा जरिये अभिभाषक उपस्थिति दी गई। प्रकरण मे अपीलांटगण के अभिभाषक द्वारा प्रस्तुत नामान्तकरण की प्रमाणित प्रति को ही आधार मानकर उभयपक्ष की अंतिम बहस सुनी गई ।

उभयपक्ष के अभिभाषक द्वारा दौराने बहस राजीनामा प्रस्तुत कर उसके अनुरूप कथन किया कि अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार अटरू द्वारा तस्दीकी नामान्तरकरण संख्या 965 दिनांक 07.03.2022 ग्राम मेरमाचाह तहसील अटरू जिला बारॉ की अपील इस न्यायालय मे जैरकार है। अपीलांटगण एवं रेस्पोडेन्टगण के मध्य राजस्व न्यायालय उपखण्ड, अटरू में वाद विचाराधीन है जिसमें अपीलांटगण एवं रेस्पोडेन्टगण के मध्य राजीनामा हो गया है। अतः राजीनामे में नामान्तरकरण संख्या 965 दिनांक 07.03.2022 की आराजी का आपसी सहमति से विभाजन कर हक हिस्से निश्चित कर राजीनामा उपखण्ड न्यायालय, अटरू मे पेश कर दिया है। उक्त राजीनामे में अपीलांटगण एवं रेस्पोडेन्टगण ने उक्त नामान्तरकरण संख्या 965 दिनांक 07.03.2022 को निरस्त करवाकर राजीनामा के अनुसार संयुक्त खाते की आराजियात के हक हिस्से एवं विभाजन करवाना चाहते है। अपीलांटगण एवं रेस्पोडेन्टगण ने अपने अभिभाषक को निर्देश दिये है कि अपील मे विवादित नामान्तरकरण संख्या 965 दिनांक 07.03.2022 को निरस्त करवाकर अपील स्वीकार करवाना चाहते है। अपीलांटगण एवं रेस्पोडेन्टगण के निर्देशानुसार अभिभाषको की ओर से यह राजीनामा पेश है। उक्त राजीनामा अनुसार नामान्तरकरण संख्या 965 दिनांक 07.03.2022 वाके ग्राम मेरमाचाह तहसील अटरू जिला बारॉ निरस्त फरमाया जावे।

परिणामस्वरूप अपील अपीलांट उभयपक्ष के अभिभाषक द्वारा प्रस्तुत राजीनामे के आधार पर स्वीकार की जाकर अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार, अटरू के द्वारा तस्दीकी नामान्तरकरण संख्या 965 दिनांक 07.03.2022 ग्राम मेरमाचाह तहसील अटरू खारिज किया जाता है।

निर्णय आज दिनांक 10.08.2022 को मेरे द्वारा सरे इजलास सुनाया गया।

(सत्यनारायण आमेटा)
अति0 जिला कलक्टर
बारॉ

Signature Not Verified

Digitally signed by Satya Narayan Ameta
Date: 2023.01.17 11:41:32 IST
Reason: SelfAttested